# दुनिया से सहारा क्या लेना बस तेरा सहारा काफी है लिरिक्स

दुनिया से सहारा क्या लेना,
बस तेरा सहारा काफी है,
कुछ करने की क्या जरूरत है,
तेरा एक इशारा काफी है।bd।

तर्ज – दुनिया में देव हजारों है।

---

धन दौलत का क्या करना है,
इन महलो का क्या करना है,
जिंदगानी चार दिनों की है,
चरणों में गुजारा काफी है,
दुनियाँ से सहारा क्या लेना,
बस तेरा सहारा काफी है।bd।

---

माना दुनिया रंगीन तेरी,
हर चीज बनाई है तुमने,
देखूं तो क्या क्या देखूं माँ,
बस तेरा नजारा काफी है,
दुनियाँ से सहारा क्या लेना,
बस तेरा सहारा काफी है।bd।

---

वैकुंठ नहीं और स्वर्ग नहीं,
मुझे मुक्ति का क्या करना है,
‘बनवारी’ भजन करूँ जीवन,
मिल जाए दोबारा काफी है,
दुनियाँ से सहारा क्या लेना,
बस तेरा सहारा काफी है।bd।

---

दुनिया से सहारा क्या लेना,
बस तेरा सहारा काफी है,
कुछ करने की क्या जरूरत है,
तेरा एक इशारा काफी है।bd।

स्वर – सौरभ मधुकर।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com